**वेब परिचालन**


**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)**
MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
**मुख्य कार्यालय**/Head Office
**भविष्य निधि भवन, 14,भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली -110066**
Bhavishya Nidhi Bhawan , 14, Bhikaji Cama Place, New Delhi -110066
www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in


**सं:** हिअ/ति.प्र.रि./संगठन/विज्ञा एवं प्रचार / वॉल ।।/ 2853 दिनांक: 04 AUG 2017

सेवा में,

निदेशक, पीडीयूएनएएसएस,
अपर कैंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त, मुख्यालय, (प्रचार),
सभी जोनल कार्यालयों के प्रभारी अपर कैंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त,
सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ।

**विषय: विज्ञापन एवं प्रचार पर किया गया कुल खर्च- तदनुसार तिमाही रिपोर्ट का प्रेषण ।**

महोदय/महोदया,

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संगठन के विभिन्न कार्यालयों के समय-समय पर निरीक्षण के दौरान आम तौर पर वित्तीय वर्ष के आधार पर उपरोक्त मद में किए गए खर्च का ब्यौरा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली के पृष्ठ संख्या 50क एवं 57 के अनुसार देना होता है । इस मद में प्राय: खर्च करते समय हिंदी संबंधी विज्ञापनों एवं प्रचार पर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार (न्यूनतम 50%) राशि खर्च नहीं की जाती है। फलस्वरूप यह मद समिति द्वारा समीक्षा का अहम बिंदु बन जाता है।

इस मद में किए जाने वाले खर्च को मॉनीटर करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किए जा रहे खर्च की स्थिति प्रत्येक तिमाही में प्रभारी क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के हस्ताक्षर से मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग को प्रेषित की जाए। क.भ.नि.सं., मुख्यालय का प्रचार अनुभाग भी इसी प्रकार विज्ञापन एवं प्रचार पर खर्च की तिमाही रिपोर्ट, मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग को भेजेंगे । यह रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही के अनुवर्ती माह की 15 तारीख तक अवश्य प्रेषित की जाए।

सभी जोनल प्रभारी अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्तों से अनुरोध है कि संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण की गंभीरता को देखते हुए उक्त रिपोर्ट निर्धारित प्रोफोर्मा में क्षेत्रवार व भाषावार समेकित कर तैयार कराएं तथा प्राथमिकता के आधार पर मुख्यालय को प्रेषित करें।

यह भी अनुरोध है कि सभी जोनल कार्यालय अपने अधीनस्थ क्षे.का. की रिपोर्ट की प्रत्येक तिमाही में समीक्षा भी अवश्य करें तथा समीक्षा रिपोर्ट मुख्यालय भेजें।

भवदीय,

संलग्न: निर्धारित प्रोफार्मा

जारी किया
ISSUED

**(एम.एस.कालिया)**
**अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (प्र.से.प्र.)**
**लिंक अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त/प्रभारी राजभाषा**

प्रतिलिपि:

1) सभी उप-निदेशक (रा.भा.) एवं सहायक निदेशक (रा.भा.) को आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
2) क्षे.आ.(एन.डी.सी.) को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

# विज्ञापन और प्रचार पर किया गया कुल खर्च (वित्तीय वर्ष)

(प्रत्येक वित्तीय वर्ष की जून, सितंबर, दिसंबर, एवं मार्च की तिमाही आधार पर)

i. अखबारों /पत्रिकाओं, पैम्फलेट आदि (प्रिंट मीडिया) के माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर किया गया खर्च

| | हिंदी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं* | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | | | | |
| 'ख' क्षेत्र में | | | | |
| 'ग' क्षेत्र में | | | | |
| योग | | | | |
| पिछली तिमाही का व्यय | | | | |
| कुल योग | | | | |

(ii) इलैक्ट्रॉनिक (टी.वी. /फिल्म आदि) माध्यम से विज्ञापन ज्ञापन और प्रचार पर किया गया खर्च

**<u>रेडियो अभियान</u>**

| | हिंदी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं* | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | | | | |
| 'ख' क्षेत्र में | | | | |
| 'ग' क्षेत्र में | | | | |
| योग | | | | |
| पिछली तिमाही का व्यय | | | | |
| कुल योग | | | | |

**<u>टीवी अभियान</u>**

| | हिंदी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं* | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | | | | |
| 'ख' क्षेत्र में | | | | |
| 'ग' क्षेत्र में | | | | |
| योग | | | | |
| पिछली तिमाही का व्यय | | | | |
| कुल योग | | | | |

**वीडियो स्लॉट**

| | हिंदी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं* | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | | | | |
| 'ख' क्षेत्र में | | | | |
| 'ग' क्षेत्र में | | | | |
| योग | | | | |
| पिछली तिमाही का व्यय | | | | |
| कुल योग | | | | |

(iii) प्रदर्शन (बैनर होर्डिंग) के माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर किया गया खर्च

| | हिंदी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं* | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | | | | |
| 'ख' क्षेत्र में | | | | |
| 'ग' क्षेत्र में | | | | |
| योग | | | | |
| पिछली तिमाही का व्यय | | | | |
| कुल योग | | | | |

*अन्य भाषाओं में कृपया भाषा का नाम सूचित किया जाए जैसे तेलगु, तमिल, गुजराती आदि।